प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 04.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

केन्द्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम आज कोटा दौरे पर है। श्री ओराम आदिवासी जनजातीय गौरव सम्मेलन में भाग लेंगे। उनका जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले समारोह में भी शामिल होने का कार्यक्रम है। वे कई अन्य गतिविधियों में भाग लेंगे। उधर केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा आज जोधपुर पंहुचेंगे। वे आदर्श विद्या मंदिर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री नड्डा का कल भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

0000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों से स्वास्थ्य सेवा की लागत कम होगी और लोगों का जीवन बेहतर होगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि ये जीएसटी सुधार गरीब और मध्यम वर्ग के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। श्री नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और डायग्नोस्टिक्स पर भी जीएसटी कम कर दिया गया है। श्री नड्डा ने कहा कि यह निर्णय सभी के लिए किफायती स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम है। गौरतलब है कि कल हुए जीएसटी परिषद की बैठक में कई अहम निर्णय लिये गये हैं। जीएसटी परिषद ने आम आदमी और मध्यम वर्ग के उपयोग की वस्तुओं पर वस्तु और सेवा कर–जीएसटी 18 तथा 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। अप्रत्यक्ष कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाते हुए परिषद ने वर्तमान चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया है। 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दर को समाप्त किया गया है। जबकि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की स्लैब को बरकरार रखा गया है।

00000

देशभर में कल राष्ट्रीय शिक्षक दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवायें देने वाले 45 शिक्षकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक समारोह में पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करेंगी। यह दिवस पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाता है। वे एक शिक्षक, ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर और एक दार्शनिक भी थे, उन्होंने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में कई परिवर्तनकारी सुधार किए।

00000

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कल नई दिल्ली में स्कूलों के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों के सह–स्थापन के लिए दिशानिर्देश जारी किए। श्री प्रधान ने कहा कि यह पहल प्रत्येक माँ और बच्चे की पूर्ण देखभाल सुनिश्चित करेगा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा की नींव को मज़बूत करेगा। श्री प्रधान ने कहा कि ये निर्देश आंगनवाड़ी केंद्रों से बच्चों के स्कूलों में सुचारू रूप से स्थानांतरण, बेहतर स्वास्थ्य, पोषण तथा प्राथमिक शिक्षा में बनाए रखने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में देश के लगभग 2 लाख स्कूलों को ब्रॉडबैंड से जोड़ा जाएगा, जिससे डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

0000

झुंझुनू के खेतड़ी थाना क्षेत्र के कोलिहान नगर में आज सुबह एक बस की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब सवारियों से भरी बस जोधपुर से सिंघाना जा रही थी। उधर दौसा हाईवे पर कलाखोह के पास एक हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

0000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। पिछले 24 घंटो में अधिकांश पूर्वी हिस्सों में हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। वहीं पश्चिमी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड हुई। सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बरसात दौसा के सिकराय में दर्ज की गई। खेरवाडा में 8, हिण्डौली और दानपुर में 7–7, मनोहरथाना, आमेर, नगर, अरनोद और रूपवास में 6–6 सेंटीमीटर पानी बरसा। दौसा में प्रशासन ने आज स्कूलों में विद्यार्थियों की छुट्टी घोषित की है। विभिन्न स्थानों पर हो रही बारिश से जलाशयों में पानी की आवक जारी है। कोटा बैराज के दो गेट खोलकर 12 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई है। उधर धौलपुर में चम्बल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पंहुच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आज राज्य के 26 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। नागौर, सीकर, अजमेर, भीलवाडा, बांसवाडा, प्रतापगढ, चित्तौडगढ, पाली, राजसमंद और बूंदी जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

0000